# ग्रामीण विकास में जनभागीदारी का आह्वान

## पीएम नरेंद्र मोदी सहित कई राजनीतिक नेताओं ने पंचायतों की भूमिका को किया रेखांकित

**▸ मोदी सरकार में सशक्त हुई पंचायतें : शाह**

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल. देशभर में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर पीएम मोदी सहित कई राजनीतिक नेताओं ने पंचायतों की भूमिका को रेखांकित करते हुए ग्रामीण विकास और जनभागीदारी को मजबूत करने का आह्वान किया.**



पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा एक संस्कृत सुभाषित भी साझा किया- प्रजासुखे सुखं राज्ञः प्रजानां च हिते हितम्-नात्मप्रियं प्रियं राज्ञः प्रजानां तु प्रियं प्रियम्- इस 'संस्कृत सुभाषितम् का भाव है- प्रजा के सुख में जनप्रतिनिधि का सुख है, प्रजा के हित में ही उसका हित है. जनसेवक का अपना प्रिय कुछ नहीं है, प्रजा का प्रिय ही उसका प्रिय होता है.केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंचायतों को भारत की प्राचीन लोकतांत्रिक परंपरा का आधार बताते हुए कहा कि मौजूदा सरकार के प्रयासों से ये संस्थाएं अधिक आत्मनिर्भर और प्रभावी बनी हैं.केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी पंचायतों को आत्मनिर्भर भारत के सपने का अहम हिस्सा बताते हुए कहा कि जब तक गांव मजबूत नहीं होंगे, तब तक देश का समग्र विकास संभव नहीं है.उन्होंने पंचायतों के माध्यम से बुनियादी ढांचे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया.कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पंचायतों को जनभागीदारी का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि गांव की चौपाल से लेकर बड़े विकास कार्यों तक जनता की भागीदारी ही लोकतंत्र की असली पहचान है. उन्होंने लोगों से अपनी पंचायतों को स्वच्छ, शिक्षित और समृद्ध बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया.केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लिखा कि भारत की आत्मा उसके गांवों में बसती है और इन गांवों के समग्र विकास का आधार हमारी पंचायतें हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते वर्षों नई ऊर्जा मली है.







उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'ग्राम स्वराज' की भावना को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर गांव ही विकसित राज्य और देश की नींव हैं. वहीं मध्य प्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों ने भी पंचायतों के डिजिटल सशक्तिकरण, पारदर्शिता और महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया.



# पुरखों को याद रखना बहुत बड़ी बात

**चेन्नई, 24 अप्रैल.प्रेम झा- जय राम शोध संस्थान सुल्तान पुर के तत्वावधान में सद्गृहस्थ संत जगन्नाथ चौधरी पुण्य पर्व समारोह में विशिष्ट अतिथि तामिलनाडु साहित्य अकादमी चेन्नई के महासचिव डॉ ईश्वर करुण ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के इस भरे मतलबी दुनिया में अपने पुरखों को याद रखना बहुत बड़ी बात हैं.**




इस रुप में डा.रंगनाथ दिवाकर द्वारा यह प्रयास, निश्चित ही सराहनीय पहल हैं. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मिथिला सेवी मिथिला शिक्षा मंच सम्बद्ध अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद् के संयोजक प्रो पी के झा प्रेम ने कहा कि आज के इस आर्थिक युग में अपनी मातृभाषा मैथिली को जिवंत रखने के लिए आगामी जनगणना में मातृभाषा के रुप में मैथिली का का उल्लेख करें. इस अवसर पर सर्वप्रथम स्मृति शेष जगन्नाथ चौधरी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया. उसके बाद सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया गया. सभी सम्मानित अतिथियों को आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ रंगनाथ दिवाकर एवं अन्य सदस्यों के द्वारा मिथिला परम्परा के अनुसार चादर -पाग, मोमेंटो तथा पुष्पहार भेंटकर सम्मानित किया गया.

# ग्राम स्वराज से ही मजबूत होगा लोकतंत्र : खरगे

**▸ राजीव गांधी के प्रयासों से लागू हुआ था 73वां संशोधन**

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पंचायतों को लोकतंत्र की मजबूत नींव बताया और कहा है कि ग्राम स्वराज से ही लोकतंत्र मजबूत होगा.**



श्री खरगे ने शुक्रवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दीं और महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि पंचायती राज सच्चे लोकतंत्र का प्रतिनिधित्व करता है और भारत की असली ताकत गाँवों में बसती है.उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि ग्राम स्वराज की अवधारणा, जिसे महात्मा गांधी और विनोबा भावे ने आगे बढ़ाया, आज भी देश के विकास की दिशा तय करती है.

# खैबर पख्तूनख्वा में 22 आतंकवादी किए ढेर

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल.** पाकिस्तानी सेना ने शुक्रवार को उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में एक सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसमें करीब 22 आतंकवादी मारे गए हैं. प्रांत के खैबर जिले में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया.रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना बयान में कहा, आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप दस साल के एक बच्चे की मौत हो गई. पाक सेना ने आगे कहा, इलाके में बचे हुए किसी भी आतंकवादी को खत्म करने के लिए तलाशी अभियान जारी है. बयान में इस बात पर जोर दिया गया कि 'राष्ट्रीय कार्य योजना' पर संघीय शीर्ष समिति के अनुमोदित 'अज्म-ए-इस्तेहकाम' की परिकल्पना के तहत आतंकवाद विरोधी अभियान पूरी गति से जारी रहेगा. 'फितना-अल-ख्वारिज' एक ऐसा शब्द है 'तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान' को संदर्भित करने के लिए करती है.

# नाबालिग को मजबूर नहीं कर सकते

**▸ 7 माह गर्भवती नाबालिग को अबॉर्शन की अनुमति**

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम निर्णय में 15 वर्षीय नाबालिग को 31 सप्ताह की गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति दे दी है.**



न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुवन की पीठ ने स्पष्ट कहा कि यह मामला केवल जन्म लेने वाले बच्चे का नहीं, बल्कि गर्भवती लड़की की इच्छा और उसके अधिकारों का है.अदालत ने अपने फैसले में कहा कि यदि कोई महिला गर्भावस्था जारी नहीं रखना चाहती, तो उसे इसके लिए मजबूर नहीं किया जा सकता, भले ही जन्म के बाद बच्चे को गोद देने का विकल्प मौजूद हो. कोर्ट ने यह भी रेखांकित किया कि प्रजनन संबंधी निर्णय लेना महिला की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और गरिमा का अभिन्न हिस्सा है.

### हाई कोर्ट ने पवन खेड़ा की जमानत अर्जी की खारिज

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को एक और बड़ा झटका लगा है. गुवाहाटी हाई कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी पर की गई टिप्पणियों को लेकर दर्ज एक आपराधिक मामले में उनकी अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज कर दी है.अध्यक्ष खेड़ा ने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री की पत्नी रिंकी भुयान सरमा के पास कई पासपोर्ट और विदेश में अघोषित संपत्तियां हैं.

### आज का इतिहास

- 1809 -ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और पंजाब के शासक के बीच संधि पर हस्ताक्षर .
- 1867 - जापान की राजधानी तोक्यो में विदेशी व्यापार की अनुमति दी गई.
- 1905 -दक्षिण अफ्रीका में अश्वेतों को मताधिकार मिला.
- 1919 -उत्तर प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रहने वाले हेमवती नंदन बहुगुणा का जन्म.
- 1954 -बेल लैब्स ने न्यूयार्क में पहली बार सोलर बैटरी बनाने की घोषणा की.
- 1957- सोडियम परमाणु रिएक्टर पहली बार संचालित किया गया.



# गंगा का हर बंगाली के जीवन में विशेष स्थान

**▸ हुगली किनारे पीएम मोदी का जनसंपर्क और संवाद**

**कोलकाता, 24 अप्रैल. पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक अलग ही अंदाज देखने को मिला, जब उन्होंने कोलकाता में हुगली नदी के तट पर समय बिताया.**

राजनीतिक व्यस्तताओं के बीच यह पल न केवल आध्यात्मिक जुड़ाव का प्रतीक था, बल्कि आम लोगों के साथ सीधे संवाद का भी अवसर बना. प्रधानमंत्री ने मां गंगा के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त करते हुए कहा कि यह नदी हर बंगाली के जीवन और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है. उन्होंने इसे बंगाल की आत्मा बताया, जो सदियों से सभ्यता और संस्कृति को संजोए हुए है. इस दौरान उन्होंने नाविकों, स्थानीय लोगों और सुबह सैर करने वालों से मुलाकात की और उनकी जीवनशैली को करीब से समझा।यह दौरा केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि इसमें भावनात्मक जुड़ाव, सांस्कृतिक सम्मान और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया.

# 152 सीटों में से 110 सीटों पर होगी जीत

**गृहमंत्री अमित शाह ने किया दावा**

**कोलकाता 24 अप्रैल. भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 152 सीटों में से 110 सीटें जीतने का दावा करते हुए कहा है कि दूसरे चरण में भी जोरदार जीत हासिल कर वह राज्य में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है.**



भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल विधानसभा के पहले चरण के चुनाव के बाद शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी ने सभी विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ पहले चरण के चुनाव का आकलन किया है और उसमें मिली जानकारी के आधार पर यह कहा जा सकता है कि बंगाल के लोगों ने अपना भविष्य पहले चरण के चुनाव में ही तय कर लिया है. उन्होंने दावा किया कि पार्टी राज्य में 16 जिलों की 152 सीटों पर हुए चुनाव में से 110 सीटें जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में भी जोरदार जीत के साथ भाजपा पांच मई को राज्य में सरकार बनाने जा रही है. भाजपा नेता ने कहा कि राज्य के लोगों ने भाजपा के पक्ष में मतदान कर विकास की राह को चुना है.उन्होंने कहा कि राज्य में मतदान के सभी पुराने रिकार्ड टूट गये हैं और यह मतदान राज्य में सत्ता में परिवर्तन के लिए भाजपा के पक्ष में हुआ है।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इन आरोपों पर कि भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य में बाहर का व्यक्ति मुख्यमंत्री बनेगा इस पर श्री शाह ने कहा , कि मुख्यमंत्री बंगाल में ही जन्म लेने वाला, बांग्ला माध्यम से पढने वाला और बांग्ला बोलने वाला होगा लेकिन इतना जरूर है कि वह आपका भतीजा नहीं होगा बल्कि वह भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता होगा. श्री शाह ने राज्य में सरकार बनने पर महिला सुरक्षा पर जोर देने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि जिस राज्य की महिला मुख्यमंत्री यह कहती हो कि सात बजे के बाद महिलाओं को घर से निकलने की जरूरत नहीं है उन्हें शासन करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि वह बंगाल की माता बहनों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि 5 तारीख को भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद रात को एक बजे भी छोटी सी बच्ची या किशोरी स्कूटी लेकर निकलेगी और कोई गुंडा उसके सामने आंख उठाकर नहीं देख सकेगा. ममता सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के सभी मामलों की उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश के नेतृत्व में जांच करायी जायेगी.

**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव**

### भवानीपुर में ममता बनर्जी की पदयात्रा

**भवानीपुर, कोलकाता, 24 अप्रैल.** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बीच मंमता बनर्जी ने भवानीपुर से अपनी पदयात्रा शुरू कर चुनावी अभियान को नई गति दे दी है. यह क्षेत्र लंबे समय से तृणमूल कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता रहा है, लेकिन इस बार यहां मुकाबला पहले से अधिक कड़ा नजर आ रहा है.वहीं, विपक्ष ने भी इस सीट पर पूरी ताकत झोंक दी है, जिससे मुकाबला दिलचस्प और कड़ा हो गया है. राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच परिवारवाद, बाहरी नेताओं की भूमिका और चुनावी भाषा जैसे मुद्दे भी चर्चा में हैं.ग्राउंड पर स्थिति यह संकेत देती है कि स्थानीय मतदाता सरकार की योजनाओं से प्रभावित हैं, लेकिन विपक्ष के वादों को लेकर उनके मन में कुछ सवाल भी हैं. ऐसे में भवानीपुर की यह लड़ाई राज्य की राजनीति की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकती है.पदयात्रा के दौरान ममता बनर्जी ने लोगों से सीधा संवाद स्थापित करने की कोशिश की और सरकार की योजनाओं तथा उपलब्धियों को सामने रखा. दूसरी ओर, मुख्य विपक्षी दल ने भी इस सीट पर एक बड़े नेता को उतारकर मुकाबले को रोचक बना दिया है।स्थानीय स्तर पर मतदाताओं की प्रतिक्रिया मिश्रित दिखाई दे रही है. कई लोग राज्य सरकार की सामाजिक और आर्थिक सहायता योजनाओं से संतुष्ट नजर आते हैं और उनका कहना है कि इन योजनाओं का उन्हें सीधा लाभ मिला है। खासकर महिला और ग्रामीण मतदाताओं के बीच इन योजनाओं का प्रभाव स्पष्ट दिखता है. हालांकि, कुछ मतदाता विपक्ष द्वारा किए जा रहे बड़े चुनावी वादों को लेकर संशय में भी हैं. उनका मानना है कि वादों को लागू करना उतना आसान नहीं होता, जितना चुनावी मंच से कहना.इस बीच, सत्ताधारी दल पर परिवारवाद के आरोप भी लगाए जा रहे हैं, जिन्हें पार्टी नेताओं ने सिरे से खारिज करते हुए कहा कि संगठन में कई सक्षम और योग्य नेता मौजूद हैं. वहीं, बाहरी नेताओं की चुनावी रैलियों और भाषा को लेकर भी राजनीतिक माहौल गर्माया हुआ है.कुल मिलाकर, भवानीपुर सीट पर मुकाबला दिलचस्प मोड़ पर पहुंच चुका है, वहीं चुनौती भी कम नहीं है.



### मतदान के बाद डेटा पर निगरानी के निर्देश

**कोलकाता, 24 अप्रैल.** ईसी ने पहले चरण के मतदान के बाद निगरानी व्यवस्था को और सख्त कर दिया है. आयोग ने मतदान केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों और उनमें रिकॉर्ड हुए वीडियो डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं. निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार, अब मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद कैमरों से मेमोरी कार्ड नहीं निकाले जाएंगे. इसके बजाय केवल कैमरे हटाकर उन्हें सेक्टर अधिकारी की निगरानी में सुरक्षित रखा जाएगा. मेमोरी कार्ड को केवल निर्धारित डेटा संग्रहण केंद्र पर सहायक निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में ही निकाला जाएगा. इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि डेटा के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ न हो. आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वीडियो रिकॉर्डिंग की जिम्मेदारी तय की जाएगी और उसका पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाएगा. यह व्यवस्था किसी भी शिकायत, विवाद या जांच की स्थिति में महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में काम आएगी. चुनावी पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए यह कदम बेहद अहम माना जा रहा है.

### भाजपा नेताओं ने जताया प्रचंड जीत का भरोसा

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल.** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान में रिकॉर्ड वोटिंग को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है. भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने दावा किया कि राज्य की 294 सीटों में से यदि भाजपा को 200 से अधिक सीटें मिलती हैं, तो इसमें किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि राज्य में बदलाव की लहर साफ दिखाई दे रही है. इसी मुद्दे पर भाजपा नेता रोहन गुप्ता ने कहा कि यह उच्च मतदान दर पश्चिम बंगाल की जनता की जीत है. उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव के दौरान केंद्रीय बलों की तैनाती का विरोध किया था, लेकिन अब उसके परिणाम सामने हैं. उनके अनुसार, सुरक्षा बलों की मौजूदगी से मतदाताओं में भरोसा बढ़ा और लोग बिना डर के मतदान केंद्रों तक पहुंचे. उन्होंने कहा कि जनता ने न केवल अपने भविष्य के लिए वोट किया, बल्कि डर के माहौल को भी हराया है.

# ट्रम्प के पास जंग जारी रखने 7 दिन शेष

**एक हफ्ते बाद संसद की लेनी होगी मंजूरी**

**वॉशिंगटन, 24 अप्रैल.** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के पास जंग जारी रखने के लिए 7 दिन हैं. अमेरिकी संविधान के अनुसार, किसी भी युद्ध को 60 दिन में संसद की मंजूरी लेनी पड़ती है. यहां भी ट्रम्प ने खेल किया. युद्ध 28 फरवरी को छेड़ा, संसद को 2 मार्च को सूचित किया. अब 1 मई से पहले उन्हें संसद से युद्ध की मंजूरी लेनी है. रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प संसद का सामना नहीं करना चाहते हैं. 100 सदस्यों वाली सीनेट में ट्रम्प के 53 सांसद हैं. जबकि विपक्षी कमला हैरिस की डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 47 हैं.ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के ही लगभग 10 सांसद ईरान युद्ध के विरोध में आवाज उठा चुके हैं. जबकि विपक्षी डेमोक्रेट एकजुट रहने वाले हैं. ऐसे में अब ट्रम्प 1 मई से पहले किसी भी तरह युद्ध को खत्म करना चाहते हैं. इस कानून में 60 दिन के बाद एक विकल्प और है. राष्ट्रपति एक बार के लिए 30 दिन का अतिरिक्त समय ले सकते हैं.



ईरान के साथ 38 दिन चले युद्ध में अमेरिका ने अपनी कई अहम और महंगी मिसाइलें खर्च कर दीं. इनमें वो मिसाइलें भी शामिल हैं, जो चीन जैसे बड़े युद्ध के लिए संभालकर रखी गई थीं. अब अमेरिका का हथियार भंडार तेजी से कम हो रहा है. इस युद्ध में अमेरिका ने करीब 1100 लंबी दूरी की स्टील्थ मिसाइलें इस्तेमाल कीं. ये खास तौर पर चीन के खिलाफ इस्तेमाल के लिए बनाई गई थीं. इसके अलावा 1000 से ज्यादा टॉमहॉक मिसाइलें, 1200 से ज्यादा पैट्रियट मिसाइलें भी दागी गईं.



### रिजर्व बैंक ने पेटीएम बैंक का लाइसेंस रद्द किया

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल.** भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस शुक्रवार से रद्द कर दिया है. आरबीआई ने कहा कि बिजनेस इस तरह से किया गया है, जो जमाकर्ताओं के हितों के लिए नुकसानदायक है. आरबीआई ने आगे कहा कि इसे जारी किए गए पेमेंट्स बैंक लाइसेंस के नियमों का पालन करने में यह नाकाम रहा. पेटीएम के शेयर 0.5% गिरकर 1,153 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुए.


## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

ई-ऑफर की विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल www.mphousing.in पर उपलब्ध

**यथा स्थिति**
**आवासीय भवन शारदा नगर कॉलोनी घूरडांग एवं बांधवगढ़ कॉलोनी जिला सतना में फ्लैट क्रय करने का सुनहरा अवसर**

ई-ऑफर दिनांक 20.05.2026 रात्रि 11.59 बजे तक आमंत्रित

| क्र. | संपत्ति का प्रकार | संपत्ति का क्रमांक | भवनों की संख्या | भूखण्ड का क्षेत्रफल (व.मी.) | भवन का क्षेत्रफल (व.मी.) | अपसेट मूल्य (प्रति संपत्ति/ रु. लाख) | धरोहर राशि (रु. लाख) | आवेदन शुल्क (रुपये/ जी.एस.टी. सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | युक्तियुक्तीकरण योजनान्तर्गत शारदा नगर कॉलोनी घूरडांग सतना 100 ई.डब्ल्यू.एस. भवन | 7, 45, 46, 47, 49, 78, 79, 81, 82, 83, 84, 85, 87, 88, 89, 90, 91, 109 110, 116, 118, 119, 142, 123, 124, 152 | 26 नग | 31.23 से 37.00 तक | 21.45 | 5.94 से 6.53 तक | 1.19/- से 1.31/- तक | 590/- |
| 2. | युक्तियुक्तीकरण योजनान्तर्गत बांधवगढ़ कॉलोनी सतना में फ्लैट | ए-टाइप प्रथम तल | 1 नग | - | 100.00 | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | ए-टाइप द्वितीय तल | 1 नग | - | 100.00 | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | ए-टाइप तृतीय तल | 1 नग | - | 100.00 | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | ए-टाइप चतुर्थ तल | 1 नग | - | 100.00 | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | बी-टाइप प्रथम तल | 1 नग | - | 92.50 | 28.25 | 5.65 | 1180/- |
| | | बी-टाइप तृतीय तल | 1 नग | - | 92.50 | 28.25 | 5.65 | 1180/- |
| | | बी-टाइप चतुर्थ तल | 1 नग | - | 92.50 | 28.25 | 5.65 | 1180/- |

**नियम एवं शर्तें :-** (1) आवेदन एवं धरोहर राशि ONLINE/RTGS के माध्यम से जमा होगी। (2). रजिस्टर्ड मोबाइल पर BID-ID प्राप्त होगी। (3) संपत्ति के ऋण हेतु बैंक/वित्तीय संस्थानों से विशेष सुविधा उपलब्ध, अत: ऑफर प्रस्तुत करने से पूर्व संपत्ति का अवलोकन कर लें। स्वयं के कारणों से ऑफर निरस्त कर राशि वापिस मांगने पर धरोहर राशि का 50 प्रतिशत कटौत्रा कर शेष राशि वापिस की जावेगी। शासन/मण्डल द्वारा निर्धारित अन्य कर, शुल्क, प्रभार एवं लीजरेंट इत्यादि पृथक से देय होंगे। (4) मण्डल/शासन के नियम एवं शर्तें लागू। (5) विस्तृत शर्तें एवं नियम विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध।

(1) आवेदन/धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 20.05.2026. (2) ऑफर BID डालने की अंतिम तिथि 22.05.2026 शाम 5.00 बजे। (3) ऑफर दिनांक 25.05.2026 को दोपहर 3.00 बजे खोला जावेगा।

**संपर्क** मनोज कुमार द्विवेदी (संपदा अधिकारी) मो. 9131194716, कार्तिकेय पाठक (उपयंत्री) मो. 9630317183, आर.के. विश्वकर्मा (संपदा प्रबंधक) मो. 9424318175, MP ONLINE HELP DESK 0755-6720200.

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on f/ mphidb X/ mphidb

Visit us : www.mphousing.in

म.प्र. माध्यम/125472/2026